हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 9 जनवरी 2024

06 क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए सभी विभाग ...



08 संघ के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख बोले- सत्य राह पर...





### विकसित भारत संकल्प यात्रा का नगरीय क्षेत्र नलखेड़ा में शिविर आयोजित

# 'केंद्र सरकार ने समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाई योजनाएं'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विकसित भारत संकल्प यात्रा का सोमवार को नलखेड़ा आगमन हुआ। जहां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नलखेड़ा में शिविर आयोजित हुआ। यात्रा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने समाज के हर वर्ग का ध्यान रखते हुए अनेको योजनाएं बनाई हैं, जिसका लाभ सभी को मिल रहा है। भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शासन की योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना है।

शिविर में सुसनेर क्षेत्र के पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह, नगर परिषद अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक लोढ़ा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पीरुलाल कलसिया के साथ भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं तथा महिला मोर्चा पदाधिकारी, नगर परिषद नलखेड़ा के पार्षद गण उपस्थित थे। जिनके हाथों केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। नलखेड़ा पहुंची संकल्प यात्रा के दौरान अधिकारियों ने योजना संबंधी जानकारी दी इस दौरान कई योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए आवेदन आए।

संकल्प यात्रा शिविर में शहरी योजनाओं में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को चिंहित कर लाभान्वित किया गया। साथ ही शिविर स्थल पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा नगरीय क्षेत्र बड़ागांव का आज भ्रमण करेगी

विकसित भारत संकल्प यात्रा आज नलखेड़ा तहसील के बड़ागांव का भ्रमण करेगी। जहां प्रातः समय नगर परिषद बड़ागांव में शिविर आयोजित होगा। यात्रा के दौरान केंद्र सरकार की शहरी योजनाओं में पात्र तथा वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

# ग्रापं टोलक्याखेड़ी व खेलागांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

### किसानों के समक्ष ड्रोन का प्रदर्शन किया, जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुए



**नलखेड़ा।** केन्द्र शासन की योजनाओं का वंचितों एवं अपेक्षितों को समयबद्ध लाभ प्रदान करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को जनपद पंचायत नलखेड़ा की ग्राम पंचायत टोलक्याखेड़ी व खेलागांव पहुंची, जहां जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की गई तथा पात्र व्यक्तियों को लाभ देने के लिए विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किए गए।

योजनाओं में पूर्व से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभवों को साझा कर शासन की योजनाओ की प्रशंसा की। यात्रा अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष ड्रोन का प्रदर्शन किया एवं बताया गया की ड्रोन के माध्यम से खेती करने में सरसलता होती है देशी व जैविक खादों के साथ रासायनिक उर्वरकों के सामंजस्य स्थापित कर संतुलित व समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन पर जोर दिया एवं रबी फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन एवं जैविक कृषि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीण इलाकों में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामित्व, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टिलाइजर, अटल पेंशन योजना का लाभ दिलाया जा रहा है।




### कृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग पर झूमे भक्त

# जीवन की तीनों अवस्था में अगर भजन नहीं किया तो जीवन व्यर्थ है: प्रभु प्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर के देव डूंगरी भगवान देवनारायण मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन प्रभु प्रिया ने कथा के माध्यम से धर्म ज्ञान पढ़ाते हुए उपस्थित कानड़ सहित अंचल के हजारों लोगों को धर्म का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि जीवन की तीन अवस्थाएं हैं पहला बचपन, दूसरा जवानी, तीसरा बुढ़ापा इन तीनों अवस्थाओं में यदि आपने प्रभु का भजन नहीं किया, प्रभु का स्मरण नहीं किया तो यह मनुष्य जीवन व्यर्थ है। आपने कहा कि बचपन खेलकूद में बीत जाता है जवानी विवाह के बाद पत्नी के साथ निकल जाता है और जब बुढ़ापा आता है तब बुढ़ापे में भी हाथ पैर कुछ काम करते नहीं है ऐसे में ना तो वह प्रभु का स्मरण कर पाता है और ना ही कोई धर्म कर्म कर पाता है हमारे धर्म ग्रंथ कहते हैं कि इस नर्तन चौला को





पाकर यदि आपने प्रभु का स्मरण नहीं किया तो यह जीवन पशुता के समान है अतः प्रभु परमात्मा ने हमें इतना अच्छा मनुष्य जीवन दिया है सारे सुख सुविधा दी है किसने दिए यह सब विचार मंथन करें यह सब ऊपर वाले मोर मुकुट बंसी वाले की कृपा है जो हम अच्छा भोजन करते हैं अच्छा पहनते हैं और यदि उसे हमने स्मरण नहीं किया तो यह बहुत बड़ी भूल है। इसके उपरांत आपने रुक्मणी और कृष्ण के विवाह का प्रसंग सचित्र प्रस्तुत किया यहां भगवान कृष्ण रुक्मणी को किस तरह से विवाह कर अपने रथ पर ले जाते हैं उसका सारा सचित्र दृश्य दिखाएं इस दौरान पंडाल में ठाकुर जी के जयकारे लगे और पंडाल में पुष्प वर्षा अबीर गुलाल उड़ने लगा वही भक्ति भजनों की प्रस्तुति से पंडाल धर्ममय हो गया।

### 18 पारंपरिक व्यवसायों में हाथ और औजार से काम करने वाले कारीगर एवं शिल्पकारों को मिलेगा लाभ

**नलखेड़ा।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पारंपरिक शिल्पकारी और कारीगरों को सहायता का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 18 पारंपरिक व्यवसायों में हाथ और औजार से काम करने वाले कारीगर एवं शिल्पकार अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन नगर पालिका क्षेत्र में नगर पालिका तथा ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा सीएससी कामन सर्विस सेंटर पर सीधे ही पंजीयन किया जा सकता है। योजना के तहत शिल्पकारों और कारीगरों को प्रमाण पत्र एवं आईडी कार्ड के जरिए पहचान मिलेगी तथा प्रथम चरण में 01 लाख रुपये तक की और दूसरे चरण में 02 लाख रुपये तक की सहायता मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत पंजीकृत शिल्पकारों एवं कारीगरों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे एवं टूलकिट का लाभ दिया जाएगा। योजना के तहत कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथोडा और टूल किट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राज मिस्त्री, डलिया चटाई झाडू बनाने वाले, पारम्परिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी एवं मछली का जाल बनाने वाले कारीगर एवं शिल्पकार पंजीकरण के लिए पात्र होंगे।

# विभाग प्रमुख, संकल्प यात्रा में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग स्टॉल लगवाएं

### मांग आधारित शिकायतें फोर्स क्लोज करवाएं, कलेक्टर ने टीएल बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत सभी विभाग शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले शिविरों में अलग-अलग स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं में जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए आवेदन प्राप्त करते हुए उनका पंजीयन करें।

यह निर्देश कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने यात्रा के दौरान शिविरों में प्राप्त हुए आवेदन की समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना में अधिक से अधिक व्यक्तियों का पंजीयन करवाये। सभी संबंधित विभागों के जिला प्रमुख भी शिविरों में अनिवार्यता सहभागिता करते हुए शिविरों का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर, एडीएम आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सत्येन्द्र बैरवा, एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढोके सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### जल निगम के सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें

कलेक्टर ने जल निगम के कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांवों में तभी खुदाई करें जब काम जल्द से जल्द हो सके, बहुत दिनों तक आमजन को परेशानी नहीं हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें, साथ ही निर्देश दिए कि जल निगम के सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विश्वकर्मा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार हो, 9 जनवरी को जिला पंचायत में आयोजित कार्यशाला में अधिकाधिक हितग्राही को कार्यशाला में सम्मिलित करवाएं। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी भी कार्यशाला में उपस्थित होकर हितग्राहियों को योजना संबंधित जानकारी देना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को सभी राजस्व मदों में निर्धारित लक्ष्य अनुसार वसूली करवाने के निर्देश दिए। साथ स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के प्रकरणों की समीक्षा कर लम्बित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देश दिए कि गौशालाओं में विद्युत कनेक्शन प्रदाय करवाने हेतु स्टीमेट बनाकर शासन को भेजा जाए। उन्होंने अमृत सरोवर की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए।

### लंबित शिकायतों का समाधानकारी निराकरण किया जाए

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए की लंबित शिकायतों का समाधानकारी निराकरण किया जाए। शिकायतकर्ता से बात कर उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए जवाब पोर्टल पर दर्ज करें, सभी विभाग मांग आधारित शिकायतों को फोर्स क्लोज करवाए। उन्होंने जनसुनवाई, लम्बित टीएल प्रकरणों की भी समीक्षा कर निर्देश दिए कि जनसुनवाई के प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर उनका निराकरण किया जाए। साथ ही लम्बित टीएल प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण जवाब पोर्टल पर दर्ज करवाएं।

### डॉ सुखदेव बैरागी ने अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया

**नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय के भौतिक विभाग से डॉ. सुखदेव बैरागी द्वारा तमिलनाडु के इरोड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ऑन रिसेंट एडवांसेज इन मैटेरियल एंड मैन्युफैक्चरिंग थीम पर आधारित कांफ्रेंस मे इनहान्स अपकन्वर्जन फ्लोरोसेंस इन इटरबियम/थुलियम कोडोप्ट टंगस्टन टेल्युराइड ग्लासेस विषय पर स्विट्जरलैंड के जर्नल मैटेरियल साइंस फोरम मे प्रकाशित होने वाले रिसर्च पेपर को प्रस्तुत किया। इससे पूर्व भी डॉ. सुखदेव बैरागी के कई अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं, साथ ही कई अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्रों को प्रस्तुत भी कर चुके हैं। डॉ. बैरागी यंग रिसर्चर अवार्ड से भी सम्मानित हो चुके हैं एवं इंडियन लेजर एसोसिएशन, विज्ञान भारती मालवा प्रांत एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्कोलर से संबंधित वैज्ञानिक परिषद,समितियां के आजीवन सदस्य भी हैं। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ जीएल रावल, स्टाफ सदस्यों, शिक्षाविदों, एवं विद्यार्थियों द्वारा डॉ. बैरागी को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।



### परमात्मा की मनमोहक अंगीरचना कर 108 दीपों से की गई महाआरती

# चंदाप्रभु जन्मकल्याणक दिवस पर जैन समाज ने निकाली रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जैन धर्म के 8वें तीर्थंकर व नगर में स्थित जैन मंदिर के मूल नायक भगवान चंदाप्रभु का जन्मकल्याणक दिवस स्थानीय जैन श्वेताम्बर समाज द्वारा हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सोमवार को नगर में परमात्मा की रथयात्रा भी निकाली गई। मंदिर जी में प्रभु की मनमोहक अंगीरचना के साथ सायंकाल के समय 108 दीपों से कुमारपाल महाराजा द्वारा महाआरती की गई। सोमवार को जन्म कल्याणक के अवसर पर श्री चंदाप्रभु जैन श्वे. मंदिर में भगवान के जन्मकल्याणक की पूजन लाभार्थी हेमप्रभा महिला मंडल द्वारा पूजन पढ़ाई गई। इसके पूर्व समाजजनो ने परमात्मा का अभिषेक कर पूजा अर्चना की।

प्रातः 10 बजे मंदिरजी से रथयात्रा निकाली गई जिसमें परमात्मा को कलात्मक रथ में विराजित किया गया था। स्थान- स्थान पर समाज की महिलाओं व समाजजनों ने परमात्मा की अगवानी कर उनके समक्ष गहूँली कर अक्षत पर श्रीफल चढाए। रथयात्रा में बडी संख्या में







समाजजन व महिलाए शामिल थी। प्रमुख मार्ग से होती हुई रथयात्रा नीमा कालोनी स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। जहां पर प्रभु के समक्ष स्नात्र पूजन का कार्यक्रम हुआ। यहां से रथयात्रा पुनः मंदिरजी में पहुंची, जहां अन्य धार्मिक कार्यक्रम हुए। जन्म कल्याणक के अवसर पर जैन श्वेताम्बर धर्मशाला में साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। वहीं परमात्मा की मनमोहक अंगीरचना के साथ 108 दीपों से महाआरती लाभार्थी पारसमल ऋषि कुमार सकलेचा परिवार द्वारा की गई। जन्म कल्याणक के अवसर पर मंदिरजी में प्रभुजी की मनमोहक अंग रचना की गई।

### नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर पूजन और आरती का कार्यक्रम हुआ

जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथजी का जन्म कल्याण महोत्सव भी नगर में मुनिश्री चंद्रशेखर की निश्रा में मनाया गया। जिसके अंतर्गत मंदिरजी में पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक पूजन लाभार्थी मनोहरलाल, मुकेशकुमार, मनीषकुमार फाफरिया परिवार द्वारा रखी गई। तहसील के ग्राम लालूखेड़ी में स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर पौष दशमी का महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान पार्श्वनाथजी की पूजन, आरती व अन्य धार्मिक आयोजन स्वर्गीय धर्मचंद सुराणा की स्मृति में लाभार्थी शांतिबाई पुत्र आशीषकुमार, अजयकुमार सुराणा परिवार की ओर से रखा गया। इस अवसर पर सुराणा परिवार की ओर से स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया आयोजन में नगर सहित आसपास के जैन बंधुओं द्वारा भाग लिया गया। तीर्थ धाम समिति की ओर से लाभार्थी सुराणा परिवार का बहुमान भी किया गया। नगर के चंदा प्रभु जैन मंदिरजी में श्रीचंदा प्रभु बहुमंडल की ओर से पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन का कार्यक्रम रखा गया है।

## खबर संक्षेप

### यादव बने प्रदेश सचिव



**बागली।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्य प्रदेश द्वारा नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसके अंतर्गत प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव एवं पुष्पेन्द्र सिंह यादव की अनुशंसा पर नगर बागली निवासी कमल यादव को प्रदेश सचिव बनाया गया है। यादव को ग्रामीण जिला अध्यक्ष बनने पर सभी समाजजनों एवं वरिष्ठजनों द्वारा हर्ष व्यक्त किया है।

### फांसी लगाकर दी जान

**हाटपीपल्या।** समीपस्थ ग्राम नेवरी में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बडा लोधी मोहल्ला नेवरी निवासी प्रदीप उर्फ छोटू पिता पन्नालाल लोधी (35) ने रविवार को दोपहर में अपने घर में फांसी के फंदे पर झुलकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया और शव को पोस्टमार्टम के लिये शासकीय सिविल अस्पताल हाटपीपल्या भिजवाया गया।

### जिलास्तरीय कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय में होगा

**देवास।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस ''युवा दिवस'' पर जिला स्तर पर 12 जनवरी को आयोजित होने वाले सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने ''युवा दिवस'' पर जिलास्तर पर आयोजित होने वाले सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए।

### कलेक्टर गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए सभी विभाग मिलकर कार्य योजना बनाएं: कलेक्टर

### किसानों को प्रेरित कर क्षिप्रा के किनारे पौधारोपण करने करें जागरूक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी, डिप्टी कलेक्टर प्रिया चंद्रावत, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए नगर निगम, जनपद पंचायत, जल संसाधन, उद्योग विभाग, पर्यावरण एवं कृषि विभाग को एक सप्ताह में कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर गुप्ता ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिये कि क्षिप्रा शुद्धिकरण नागरिकों को जागरूक करें, स्कूलों में वाद विवाद और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित करें।

### पौधे लगाने करें प्रेरित

आंगनवाडी कार्यकर्ता नागरिकों में क्षिप्रा शुद्धिकरण के संबंध में जागरूकता लाये। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि जनपद पंचायत देवास किसानों को प्रेरित कर क्षिप्रा के किनारे पौधारोपण करें। कृषि विभाग किसानों की कार्यशाला आयोजित कर जैविक खेती और पानी को शुद्ध करने वाले पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। नगर निगम को मेंढकी नाला में स्टॉप डेम और क्षिप्रा के पास बस्ती में सीवरेज नेटवर्क बनाने के निर्देश दिये। समय-सीमा बैठक में बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर गुप्ता ने डीएम नॉन के एलके जोशी, टोंकखुर्द सीएमओ और दुग्ध संघ के एसके जैन को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर गुप्ता ने विभागवार टीएल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि टीएल प्रकरणों निराकरण शीघ्र करें। समाधान ऑनलाइन शिकायतों पर कार्यवाही कर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।

### योजनाओं की प्रगति की करें समीक्षा

बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि शासन की प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हर सोमवार समय-सीमा बैठक में की जाएगी। स्वामित्व योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि स्वामित्व योजना अंतर्गत भूमि के नक्शे का प्रकाशन 20 जनवरी तक अभियान चलाकर करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सीमांकन, नामांकन, बंटवारे के लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र करें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए ईकेवायसी जरूरी है। इसके लिए शिविर आयोजित कर ईकेवायसी का कार्य पूर्ण करें। गुप्ता ने कहा कि हितग्राहियों को राशन वितरण के लिए मोबाइल नम्बर एवं आधार सीडिंग का कार्य अभियान चला कर करें। जिनका मोबाइल नम्बर सीडिंग कार्य नहीं हुआ है। उनके मोबाइल नंबर सीडिंग करवाएं जाएं। आधार सीडिंग और मोबाइल सीडिंग कार्य में प्रोग्रेस नहीं होने पर खाद्य विभाग संबंधित राशन दुकान को कमीशन भी नहीं दें

### कलेक्टर के निर्देश, करें कार्रवाई

गुप्ता ने कहा कि जिले में कोटपा अधिनियम के तहत निरन्तर कार्यवाही करें। जिले में सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, शासकीय कार्यालय, मनोरंजन केन्द्र, पुस्तकालय, अस्पताल, स्टेडियम, होटल, रेस्टोरेंट, शापिंग मॉल, निजी कार्यालय, न्यायालय परिसर, सिनेमा हॉल, चाय की दुकान, प्रतिक्षालय, मिष्ठान भण्डार, ढाबा जैसे अन्य सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान करने पर संबंधितो के खिलाफ चालानी कार्यवाही करें। सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि होस्टल एवं एनआरसी केंद्रों का सतत निरीक्षण करें।

# प्रताड़ना और धोखाधड़ी से तंग हार्डवेयर व्यापारी के पुत्र ने की आत्महत्या

### पुलिस ने अपराध दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपीपल्या



पुलिस ने अंकित पर मामला किया दर्ज।

नगर के हार्डवेयर व्यापारी के युवा पुत्र की आत्महत्या के मामले में खुलासा हो गया है। पुलिस ने मर्ग की जांच के बाद धोखाधडी एवं प्रताडित करने का अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 दिसम्बर की रात्रि में हार्डवेयर व्यापारी प्रशान्त अग्रवाल के युवा पुत्र योगेश अग्रवाल (20) ने अपनी देवगढ रोड स्थित दुकान में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच प्रारम्भ की थी।

पुलिस ने घटना के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले और परिजनों के बयान लिए गए। एकत्रित किए गए साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने पाया की योगेश देवगढ रोड पर सीमेंट व सरिया आदि की दुकान चलाता था। योगेश सेअंकित पिता जगदीश निमावत व अन्य लोगो ने दोस्ती कर लालच देकर धोखाधडीपूर्वक आनलाईन कैसिनो, जिसे जुआ, सट्टा चक्का भी बोलते है के खेल में लगा दिया।जिसमें योगेश करीब 5-6 लाख रूपये अंकित व अन्य लोगो से हार गया। योगेश से अंकित ने और रूपये मांगे तथा योगेश को धमकाया गया।

जिससे परेशान होकर तथा अंकित के दबाव में आकर मानसिक रूप से प्रताडित होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने अंकित निमावत व अन्य के खिलाफ धारा 420 व 306 भा.दं.वि. के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अपराध दर्ज होने से नगर में हडकम्प मच गया है और आनलाईन सट्टे से जुडे लोग भूमिगत हो गए है। मामले में देवास पुलिस की टीम छानबीन करने और साक्ष्य जुटाने हाटपिपल्या थाने पर पहुंची थी।

# बेडामऊ में श्रीराम कथा का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

श्रीराम कथा का मुख्य उद्देश्य जनसाधरण के मानस पलट पर रामज्योति प्रज्वलित करना है। राम के चरित्र का अनुकरण कर बच्चे दृढ़ चरित्रवान बनें इसीलिए इस कथा को सरल चैपाइयों में उतारा गया है। यह बात ग्राम बेडामऊ कि सेंधव समाज धर्मशाला में आयोजित श्रीराम कथा वाचक पंडित महंत रघुनाथ दास 108 दादू महाराज ने कही। बड़ी संख्या में प्रतिदिन ग्रामीण जन कथा सुनने के लिए कथा स्थल पर पहुंचे। रविवार के दिन कथा का समापन किया गया। इस अवसर पर श्री राम से जुड़े कई प्रसंग यहां पर कथावाचक द्वारा सुनाए गए। साथ ही बेडामऊ निवासी गुलाब सिंह पटेल 110 साल की उम्र में भी प्रतिदिन कथा सुनने पहुंचे और पुरे समय कथा सुनी। समापन अवसर पर व्यास पीठ की आरती की गई। इस दौरान कथावाचक पंडित रघुनाथ दास का शाल श्रीफल भेंट कर ग्रामीणों द्वारा अभिनंदन किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से यहां पर कथा का आयोजन किया गया।

# सर्द मौसम में संगीत सम्राट उस्ताद रज्जब अली खां के स्मारक पर गूंजे तराने



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मूर्धन्य संगीतज्ञ संगीत सम्राट उस्ताद रज्जब अली खां की 65, वीं बरसी पर उनके स्मारक स्थल पर संगीत सम्राट उस्ताद रज्जब अली खां संगीत कल्याण समिति के तत्वाधान में मनाई। कार्यक्रम परंपरा अनुसार स्थानीय भोपाल चौराहा से बैंड बाजे चादर के साथ प्रारंभ हुआ।

स्मारक स्थल पर पहुंचने पर, सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद मुस्तफा अहमद हाथी वाले, विशेष अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष धर्मेंद्र चंदेल, समिति अध्यक्ष मोहम्मद मुनव्वर खान, जाहिद हुसैन सचिव आनंद गुप्ता, विजय पंडित, शाहबुदीन मंसूरी सुधीर पंडित,सतीश साहेब,चिंटू पटेल, असीम पंडित, यूसुफ खान,नौशाद मंसूरी, अनवर खान,शरीफ खान के आतिथ्य में सूफी फोरम के फिरोज़ एहमद सिद्दीकी राजा वारसी ने फातिहा ख्वानी पेश की, अजय पंडित व उपस्थित जनों ने गायत्री मंत्रोचार के साथ फूलों की चादर पेश की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्थानीय बाल भजन गायिका राजकुमार सोलंकी ने गुरु वंदना प्रस्तुत की , युवा गायिका काजल नागेश्वर ने ठुमरी की शानदार प्रस्तुति दी।

बृजमोहन बमरेले वायलियन एवं मोहन कुमार गंधर्व तबला, तथा देवऋषि बमरेले ने वायलन के राग यमन का उम्दा प्रदर्शन एवं विवेक गंधर्व के भजन, हेमाक्षी चौहान, बद्रीलाल मालवीय, सुमित्रा देवी के कबीर भजन ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सतीश साहेब ने संबोधित भी किया। कार्यक्रम में तबला वादक देवेन्द्र नागेश्वर को तानसेन समारोह में गिनिज बुक तबला प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर उनका सम्मान किया गया। उपस्थित कलाकारों को समिति द्वारा सम्मान पत्र, तथा अतिथि श्री चंदेल व हुसैन एवं साथियों ने नन्ही बाल भजन गायिका सोलंकी व हेमाक्षी को नगद पारितोषिक से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शहाबुद्दीन मंसूरी ने किया तथा आभार आनंद गुप्ता ने माना।

# भाजपा किसान मोर्चा की जिला बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की जिला बैठक 8 जनवरी को भाजपा जिला कार्यालय देवास में आयोजित की गई। बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री महेश पाटीदार, जिला महामंत्री पंकज वर्मा, भाजपा आईटी जिला संयोजक तनय चोधरी के मुख्य आतिथ्य में बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह गोहिल द्वारा की गई। आयोजित बैठक में तनय चौधरी द्वारा नमो एप पर कार्य करना सिखाया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, महेश पाटीदार द्वारा किसान मोर्चा पदाधिकारी को सम्बोधन में प्रदेश समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रम बताये। किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह गोहिल द्वारा किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी को प्रत्येक मंडल में बैठक करने, चलो ग्राम खेत की और ग्राम भ्रमण करने एवं सक्रियता से कार्य करने के लिए कहा गया, ग्राम चौपाल के आयोजन के संदर्भ में जानकारी देकर मध्यप्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी एवं मंडल के पदाधिकारी को दी और आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में किसान मोर्चा की अहम भूमिका रहे यह जानकारी दी गई। भाजपा जिला अध्यक्ष खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उद्बोधन में पदाधिकारी को आपस में संवाद एवं प्रवास एवं प्रयास की बात समझा कर जोश एवं उर्जा का संचार किया।

इस अवसर पर कार्यालय मंत्री रामेश्वर धाकड़ और सभी जिला उपाध्यक्ष मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री सहित जिले के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन मोर्चा जिला प्रभारी जगदीश नागर ने किया। उक्त जानकारी किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अशोक पोरवाल ने दी।

# पंचायत कमलापुर में संकल्प यात्रा का किया गया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



बागली विधानसभा अंतर्गत निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार के दिन ग्राम पंचायत कमलापुर पहुंची, जहां पर ग्राम पंचायत द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान ग्राम कमलापुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठजन सम्मिलित हुए। उक्त कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम पंचायत द्वारा सभी अतिथियों का व जनप्रतिनिधियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया। इस दौरान लाडली लक्ष्मी योजना की पात्र लक्ष्मियों को पत्र एवं उज्ज्वला योजना हितग्राहियों को कनेक्शन वितरित किए गए। साथ ही इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंचासिन अतिथियों द्वारा इस यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सरपंच कन्हैयालाल चौहान, उप सरपंच अतिक जेदी, सचिव ओम प्रकाश सारण के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं भाजपा संगठन के सभी पदाधिकारीगण एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

# पेंशनर संघ का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपिपल्या



हाटपीपल्या तहसील के पेंशनर संघ का वार्षिक सम्मेलन 2024 स्थानीय होटल परिसर में रविवार को संपन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष एम.एल. मालवीय, उप प्रांताध्यक्ष लक्ष्मी नारायण मोहरी थे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सोनकच्छ तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार भावसार, देवास अध्यक्ष अनिल नागर, हेमलता परिहार, राधेश्याम शर्मा, ओम प्रकाश सोलंकी, मांगीलाल सोलंकी मंचासीन थे। सम्मेलन की अध्यक्षता अध्यक्ष बी.के. मोदी ने की एवं स्वागत भाषण दिया।कार्यक्रम को पूर्व प्रांताध्यक्ष एम.एल. मालवीय, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण मोहरी, सोनकच्छ अध्यक्ष प्रमोद कुमार भावसार, अनिल नागर देवास, राधेश्याम शर्मा सोनकच्छ ने संबोधित किया। वक्ताओं ने संघ के उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में 75 वर्ष पूर्ण करने वाले सदस्यों अमोलकचंद गोलेच्छा व मोहनलाल विश्वकर्मा को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। नवीन सदस्यों का भावपूर्ण स्वागत किया गया। संघ के आय-व्यय पत्र का वाचन सचिव रतनलाल सोनी ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन शिवनारायण विश्वकर्मा ने किया।कार्यक्रम के अंत में दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रगान के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया।

### शर्मा की पुस्तक सिनेमा सप्तक को साहित्यकारों की मिली सराहना

# समुद्र से मोती चुनने के समान है पुस्तक सिनेमा सप्तक: पंचोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



पुस्तक 'सिनेमा सप्तक' का लेखन एक लेखक द्वारा भारतीय सिनेमा रूपी समुद्र से मोती चुनने के समान है ₹।उक्त विचार नगर व क्षेत्र की होनहार प्रतिभा फिल्मकार व लेखक अनिरुद्ध शर्मा की पुस्तक सिनेमा सप्तक पर आयोजित परिचर्चा और सम्मान समारोह के अवसर पर इन्दौर की प्रसिद्ध साहित्यकार प्रो डॉ किसलय पंचोली ने व्यक्त करते हुए लेखक के उज्जवल भविष्य की मंगलमय शुभकामनाएं प्रेषित की। सिसोदिया गार्डन में अनिरुद्ध शर्मा मित्र मंडल द्वारा आयोजित पुस्तक ₹सिनेमा सप्तक₹ परिचर्चा व सम्मान समारोह में मुख्य वक्ता डॉ. किसलय पंचौली के साथ ही बतौर अतिथि मंच पर वरिष्ठ चिकित्सक डा. एम. एस. उदावत,डा. राउल जोसेफ, सत्यनारायण पंचोली, अभिव्यक्ति मंच संरक्षक प्रवीण चौधरी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, ओमप्रकाश शर्मा, समाज प्रगति सहयोग संस्था के शोभित जैन तथा अनिरुद्ध शर्मा उपस्थित रहे। सभी ने अनिरुद्ध शर्मा की डाक्यूमेंट्री फिल्मों के साथ प्रकाशित पुस्तक की प्रशंसा करते हुए इस उपलब्धि को बागली का गौरव निरूपित किया।अतिथियो का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत अतुल गुप्ता, ,असद खान, ,सूरज तिवारी,अजय गुप्ता,पवन गुप्ता, अनुष्का शर्मा आदि ने किया।कमल बडौला, संतोष शर्मा, अतुल चौहान, जगदीश परमार ने भी अभिनंदनीय वक्तव्य देकर शर्मा की प्रशंसा की। मित्र मंडल द्वारा उक्त पुस्तक को प्रतिष्ठित कलिंगा लिटरेरी फेस्टिवल₹ में नॉन फिक्शन कैटेगरी में पुरस्कार प्राप्त होने पर शाल- श्रीफल तथा मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया। शर्मा ने अपनी उपलब्धियों का संपूर्ण श्रेय अपने प्रेरणास्त्रोत तथा नगर के कुशल प्रशासक रहे दादा स्व. बालकृष्ण शर्मा को देते हुए सभी के सहयोग और प्रोत्साहन के लिए ह्रदय से अभिनंदन किया। समारोह का संचालन व आभार प्रदर्शन अभिव्यक्ति मंच के सचिव वारिस अली ने प्रकट किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्यकार, कलाकार तथा नगर का बौद्धिक वर्ग उपस्थित रहा।

# मंदिर के पुजारी ने नाबालिग छात्रा के साथ की छेड़छाड़, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



उदयनगर थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम कंडिया में संचालित शासकीय स्कूल में अध्यनरत एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के समीप स्थित एक मंदिर पुजारी ने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। छात्र की शिकायत के बाद उक्त पुजारी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। सोमवार के दिन जानकारी देते हुए उदयनगर थाना प्रभारी बी डी वीरा ने बताया कि मंदिर पुजारी हरे कृष्ण दास ने समीप शासकीय स्कूल में अध्यनरत एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान छात्रा अपने परिजनों के साथ थाने पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम को बताया, जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। 50 वर्षीय पुजारी ने इस घटना को अंजाम देकर पुजारी नाम को शर्मशार किया है। बताया जा रहा है कि पुजारी स्कूल में आया और उक्त छात्रा को बहला फुसलाकर एक टपरी में ले गया, जहां पर उसके साथ छेड़छाड़ की गई। थाना प्रभारी ने बताया की पूरे मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जांच की जा रही है, वहीं सोमवार के दिन आरोपी को बागली न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

खबर संक्षेप

## अभिषेक शांति धारा के साथ की पूजा-अर्चना



**आष्टा।** पौष कृष्णा पक्ष ग्यारस को जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु जी व तैईसवें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक दिवस जैन धर्मावलंबियों द्वारा सभी दिगंबर जैन मंदिरों में भक्तिभाव से मनाया गया।जावर, मेहतवाड़ा, कोठरी, अमलाह, मैना के जैन मंदिरों में भी भगवान चंद्र प्रभु और पार्श्वनाथ के दो कल्याणक मनाएं गए। इस पावन दिवस के अवसर पर सभी मंदिरों में दोनों भगवान के अभिषेक ,शांति धारा सहित पूजा -अर्चना भक्ति भाव के साथ कर आरती भी की गई। नगर के दिगंबर जैन मंदिर अतिशयकारी श्री 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर जी, श्री चंद्र प्रभु मंदिर गंज एवं अलीपुर तथा शांति नगर स्थित मंदिर में श्रावकों ने अभिषेक, शांति धारा चंद्र प्रभु एवं पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा पर कर विश्व में सुख समृद्धि एवं शांति की मंगल कामना की।इस अवसर पर काफी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

## स्वच्छता बनाए रखने लोगों को किया जागरूक

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अनेकों अभियान चलाकर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। लोगों को अपने घरों में अलग-अलग कचरे के लिए अलग-अलग डिब्बे रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें कचरा गाड़ी में ही कचरा डालने, गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा शहर को स्वच्छ रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया।

### श्री राम कथा का समापन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे मौजूद

# कितने ही बड़े विवाह आयोजन में जाओ जूते पहनकर भोजन मत करना: गोविंद जाने

श्री राम कथा के सातवें और अंतिम दिन में शीत लहर के चलते हुए भी महिला श्रद्धालु और आसपास के क्षेत्र से भारी संख्या में श्रवण करता पहुंचे।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आस्था नगर में चल रही अमृत में संगीत में श्री राम कथा के सातवें और अंतिम दिन में शीत लहर के चलते हुए भी महिला श्रद्धालु और आसपास के क्षेत्र से भारी संख्या में श्रवण करता पहुंचे। अंतिम दिन श्री राम कथा में श्री राम के वनवास पर मुख्य रूप से प्रकाश डालते हुए अमृत वचन कहे, जब समय हमारे विपरीत हो तब भी साधना का कम नहीं होने दे अपने नियम को भंग नहीं होने देने वाले व्यक्ति को ही सच्चा साधक कहा गया है। जिस प्रकार समय-समय पर पौधे को पानी देने से वह हरा-भरा बना रहता है उसी प्रकार हमारे शरीर रूपी पौधे में हरी नाम की भक्ति से सिंचित करोगे तो यह भी मनुष्य रूपी पौधा सूख नहीं पाएगा अगर इसके विपरीत आपके शरीर में प्रेम नहीं है भक्ति नहीं है मोह लालच बड़ा हुआ है तो समझो आपका पौधा सूखने लगा है,आवत ही हरषै नहीं नैनन नहीं सनेह।



तुलसी तहां न जाइये कंचन बरसे मेह। जिस स्थान पर लोग आपके जाने से प्रसन्न न होवें और जहाँ लोगो कि आँखों में आपके लिए प्रेम अथवा स्नेह ना हो ऐसे स्थान पर भले ही धन की कितनी भी वर्षा ही क्यूँ ना हो रही हो आपको वहां नहीं जाना चाहिए। जिस व्यक्ति ने अपने खेत की पहली फसल मंदिर में चढ़ा दे या साधु संत को थोड़ा सा दान कर दे वह परिवार हमेशा खुश रहता है उनके घर कभी कष्ट नहीं आते, आपका अन धन भंडार भगवान भर देता है, हमेशा मुस्कुराता रहना चाहिए मुस्कुराना ही सबसे बड़ी पूंजी है जी मन में हमेशा प्रसन्नता रहती है समझो उसके अंदर सब रोगों से लड़ने की हस्ती होती है जो दूसरों की खुशहाली पर जलन नहीं करते हैं वह फलदार वृक्ष होते हैं जो दूसरे की खुशी पर दुखी हो वह सूखे हुए पौधे की तरह सूख जाते हैं, जब तक हमारे शरीर में दम है हमारे हाथ पैर कान बुद्धि सलामत है तब तक हमको हरि भजन कर लेना चाहिए कभी भी बुढ़ापे का इंतजार नहीं करना चाहिए जिस महिला के अंदर बुद्धि कमजोर साधना कमजोर हो परोपकार की कमी हो और कान भरने में मजबूत हो वह मनथरा का रूप होती है उसे कभी सुख नहीं मिलता है, वही राम वनवास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सजि बन साजु समाजु सबु बनिता बंधु समेत। बंदि बिप्र गुर चरन प्रभु चले करि सबहि अचेत वन का सब साज-सामान सजकर वन के लिए आवश्यक वस्तुओं को साथ लेकर श्री रामचन्द्रजी श्री सीताजी और भाई लक्ष्मणजी सहित, ब्राह्मण और गुरु के चरणों की वंदना करके सबको अचेत करके चले।

रामचरितमानस ब्रह्म को जीव से जोड़ने का एक पुल है एक माध्यम है रामचरित के माध्यम से हम भवसागर के पुल को पर लगा सकते हैं। जब कोई महापुरुष और कोई संत किसी को यह बोल दे कि तू मेरा है तो समझना भगवान भी उसकी रक्षा करता है, जहां मर्यादा कूट-कूट कर भरी है वह अयोध्या है जहां मर्यादा बढ़ती है वह संस्कार और साधना है, ब्यूटी पार्लर तो आपकी शक्ल बदलता है अगर अंतर मन से आपको सुंदर बना है तो रामचरितमानस के ब्यूटी पार्लर को घर में सजा लो आपकी सात पीढ़ियों की सुंदरता बढ़ जाएगी, जिनके श्रवण समुद्र समाना, विधि,हरि, शम्भु नचावन हारे।जिनके कान और साइज़ समुद्र जैसे हैं कथा सुन सुनकेभी जो अघाते नहीं थकते नहीं उनके हृदय में रहना चाहिए। हमेशा सनातन धर्म के संविधानों का पालन करना चाहिए आप अच्छे विचारों के धनी हो जाओगे कभी भी अन्न भोजन का अपमान नहीं करना चाहिए ना ही जूते पहनकर ग्रहण करना और परोस गारी करना दोनों ही अशुभ माने जाते हैं, गुरुदेव ने गुरु मंत्र देकर कहा कि 24 घंटे में कम से कम एक बार तो किसी मंदिर या देव स्थान पर जरूर जाना चाहिए कई बार मुख से ओम नमः शिवाय और ओम नमो भगवते वासुदेवाय का उच्चारण होना चाहिए। इस अवसर पर समाजसेवी अनोखीलाल खंडेलवाल, कैलाश सोनी जय श्री ज्वेलर्स, डॉ मनोज नागर, बंटी मेवाड़ा, चेतन वर्मा ,चेतन सिंह ठाकुर, राजा मेवाड़ा, जुगल पटेल, चन्दर सिंह ठेकेदार, शोभाल सिंह मुलगी, सोनू गुणवान, जितेंद्र सिलोटिया, महादेव मंडल की संध्या बजाज, गीता राठौर, भगवती सोनी, मंजू राठौर, विनीता महेश्वरी, मनीषा नगर, शेष वाला शर्मा, अनीता सेन, कृपाल सिंह पटाडा, विजय खंडेलवाल ,कमल ताम्रकार, लखन पाटीदार ,तेजपाल मुकाती ,राधेश्याम दाऊ, देवराज परमार, राकेश वर्मा मांडली, दिनेश वर्मा ढकनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हिट-एंड-रन कानून के विरोध में ड्राइवरों ने निकाली रैली

### प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हिट एंड रन मामले में सख्त कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल आष्टा में जारी है। शनिवार को दोपहर 12 बजे पश्चात पार्वती पुल के समीप पुराने मछली मार्केट से ट्रक ड्राइवरों द्वारा रैली निकालकर तहसील कार्यालय में पहुंचकर उक्त कानून के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम आनंदसिंह राजावत को सौंपा ।

दोपहर 3 बजे बाईपास पर धरना दिया । सरकार के उक्त कानून के विरोध में आष्टा के ट्रक ड्राइवर संगठन के बैनर तले जमकर नारेबाजी रैली मार्ग पर भी की गई। वहीं बाहर के ट्रकों से कृषि उपज मंडी के व्यापारियों का माल गंतव्य स्थल तक आंदोलन के दौरान भी निकला। ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष फारूक ने बताया कि शनिवार 6 जनवरी से बाईपास के समीप इंडियन ढाबे के समीप शामियाना लगाकर सरकार के काले कानून के विरोध में धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया। उसके पूर्व पार्वती पुल के समीप स्थित पुराना मछली मार्केट ट्रक पार्किंग स्थल से एक जुलूस निकालकर भोपाल नाका से कन्नौद रोड मार्ग होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रशासन को अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन दिया ।तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से धरना प्रदर्शन प्रारंभ हुआ। उन्होंने उक्त काले कानून के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। नगर के 60 से अधिक ट्रकों के पहियों के चक्के हिट एंड रन कानून की घोषणा होने के बाद से ही ट्रक ड्राइवर की हड़ताल के कारण जाम है। इससे बाहर सामान भेजने वाले ट्रक मालिक परेशान हैं। बाहर के ट्रकों से यहां पर माल अवश्य आ रहा है और बाहर के ट्रकों में कृषि उपज मंडी से व्यापारियों की उपज गंतव्य स्थल पर भी भेजी जा रही है। वहीं ट्रक हड़ताल का असर नगर के व्यवसाय पर दिखने लगा है।

## मधुमेह की सही समय पर पहचान व उपचार संभव

**सीहोर।** मधुमेह एक ऐसी बीमार है जिसके लक्षण सामान्य होते हैं पर यह धीरे-धीरे शरीर को कमजोर कर देता है। यह बीमारी सीडेंटरी लाइफ स्टाइल, अनहेल्दी फूड खाने एवं आनुवांशिक भी होती है। धीरे-धीरे मधुमेह के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसे जन जागरूकता के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। मधुमेह की सही समय पर पहचान उसके उपचार एवं जन जागरूकता के मध्यम से मधुमेह रोगियो की स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से रोगियों का उपचार किया जा सकता हे।

# विधायक ने सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासकीय अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने पहुंचकर अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से भेंट की एवम अस्पताल में मशीनरी और अधिकारियों कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए की लापरवाही कताई बर्दाश्त नहीं होगी।

वहीं अस्पताल में रोगियों इलाज के लिए सभी प्रकार की सुविधाओ की व्यवस्था करने का पुरा प्रयास करुंगा। रोगी कल्याण समिति की बैठक में पधारे विधायक ने अपने तीखे तेवरों से अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया साफ सफाई व्यवस्था हो या मरीजों की ईलाज की बात कही भी कोतूहली नही होना चाहिए। मरीजों से भेंट कर उनके हालचाल पूछा और उनसे चर्चा की। इस अवसर पर वरिष्ठ जन अस्पताल के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# एचआर परमाल ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इस वर्ष लोकसभा चुनाव होना है। ऐसे में देवास शाजापुर लोकसभा सीट से वरिष्ठ कांग्रेस नेता एचआर परमाल ने भी ताल ठोकना शुरु कर दिया है। बीते दिनो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मुलाकात कर लोक सभा चुनाव को लेकर चर्चा की है। ऐसे में कांग्रेस नेता एचआर परमाल की पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मुलाकात के बाद इन चर्चाओं को हवा मिली है की कांग्रेस यदि एचआर परमाल को अवसर देती है तो देवास शाजापुर लोकसभा सीट से परमाल को चुनाव लड़ता हुआ देखा जा सकता है। वहीं कांग्रेस नेता एचआर परमाल के राजनितिक जीवन पर नजर दौड़ाई जाय तो लंबे समय से कांग्रेस में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे है मालवीय बलाई समाज में जाना पहचाना नाम है जो आष्टा विधानसभा से ज़िला पंचायत सदस्य भी रह चुके है। वहीं आष्टा विधानसभा से लम्बे समय से कांग्रेस से दावेदारी पेश करते आए है। लेकीन कांग्रेस ने अब तक एचआर परमाल पर भरोसा नही जताया है। लिहाजा इस बार कांग्रेस लोक सभा चुनाव में परमाल को मोका दे सकती है। आपको बता दें की फिलहाल देवास शाजापुर लोकसभा सीट पर भाजपा का कब्जा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में स्वर्गीय मनोहर ऊंटवाल जहां ढाई लाख मतों से विजय हुऐ थे।

पिछले लोकसभा चुनाव में जज की नौकरी छोड़ राजनीति में इंट्री कर भाजपा के टिकट से लोकसभा चुनाव लड़कर कांग्रेस प्रत्याशी प्रसिद्ध कबीर भजन गायक टिपानिया प्रहलाद टिपानिया को तीन लाख 72 हजार 249 मतों के बड़े अंतर से हराया था। वही इस लोकसभा सीट में देवास, शाजापुर, सिहोर, आगर की 8 विधान सभा सीट आती है।

## विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया सम्मान

**आष्टा।** स्थानीय भोपाल नाका पर सात दिवसीय श्रीराम कथा के चैथे दिन संत गोविंदजाने के मुखारबिंद से श्रीराम जन्मोत्सव की कथा का बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रवण किया गया। इस अवसर पर कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी अपने साथियों के साथ कथा स्थल पर पहुंचे, जहां नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की उपस्थिति में सनातन धर्म का प्रमुख ग्रंथ रामायणजी की पूजा-अर्चना कर संत गोविंद जाने का स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीराम जन्मोत्सव कथा के अवसर पर पूरा पांडाल जय-जय श्रीराम की गूंज से गूंजायमान हो उठा। संत श्री गोविंद जाने ने श्रीराम के जन्मोत्सव पर विस्तारपूर्वक श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराया। कालापीपल विधानसभा क्षैत्र के ऊर्जावान एवं लोकप्रिय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा नगरपालिका कार्यालय में पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। साथ ही अत्याधिक वोटों के अंतराल से विजयी होने पर शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, महेन्द्रसिंह इंजीनियर, मनीष धारवां, दौलत चैधरी, पवन वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हायर सेकंडरी स्कूल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इस बार शासन एवं शिक्षा विभाग का ध्यान बोर्ड परीक्षाओं सहित अन्य परीक्षाओं में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने पर है। इसीलिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निरीक्षण करने के लिए भेजा जा रहा है और निरीक्षण के दौरान वह क्लास में विद्यार्थियों से रूबरू होकर उनकी शंकाओं का समाधान भी करते हैं।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने शनिवार को नगर के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय में औचक निरीक्षण कर छात्राओं से शिक्षा के संबंध में चर्चा की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित थे। श्री राजपूत द्वारा कक्षा दसवीं में छात्राओं को वार्षिक परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए सुझाव दिए गए। छात्राओं ने उन सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और समझा। निदानात्मक कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य अमर सिंह परमार द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला भूपोड, बड़ोदिया गाडरी, लसूडिया विजय सिंह का ऑनलाइन निरीक्षण किया गया। जिसमें छात्रों की संख्या कम होने पर छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया गया।

# मां पार्वती धाम गौशाला समिति ने किया संत श्री का स्वागत




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मालवामाटी के संत श्री गोविंद जाने जी के मुखारविंद से संगीतमय श्री राम कथा का अमृतमय ज्ञान गंगा का आष्टा नगर एवं अंचल वासियों को रसपान कराते हुए व्यासपीठ श्री राम पोथी ग्रंथ का पूजन आरती कर मालवामाटी के संत गोविंद जाने का मां पार्वती धाम गौशाला समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, पूर्व पार्षद व गौशाला कोषाध्यक्ष संजय सुराणा ने संत श्री को मुकुट, शाल-श्रीफल भेटकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अनोखी लाल खंडेलवाल, समिति के चेतन जी, डॉ मनोज नागर, युवा साथी देवराज परमार, पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव, विपिन सिंघी, नरेंद्र पोरवाल, राजा मेवाड़ा, पूर्व पार्षद भगवत मेवाड़ा, राजेश धनगर आदि उपस्थित रहे।

### विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने दी विधानसभा क्षेत्र को सौगात

# काम करने के लिए सच्चे मन की जरूरत: इंजीनियर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अतंर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के जावर जोड़ पर हनुमान जी के दर्शन एवम् आर्शीवाद प्राप्त कर जावर मंडल के ग्राम बिलपान में पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपुजन किया गया तत पश्चात बिलपान में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मां सरस्वती के चित्र माल्यार्पण कर छोटी छोटी कन्याओं का पुजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमे पात्र हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। अपने वक्तव्य में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि केन्द्र सरकार और मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित अनगिनत योजनाओं के लाभ जन जन तक पहुंचे यही हमारा पहला उद्देश्य है। ग्राम पंचायत बरछा पुरा में संकल्प यात्रा पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जनों ने अपने अपने विचार रखे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया कि लाड़ली बहना योजना में महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया वही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व भर में भारत के नाम को सार्थक और समर्थ विश्वगुरु बनाने में कोई कोर कसोर नही छोड़ी है। वही राम मंदिर निर्माण हो या काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन का महंकाल लोक हो या पावगड़ मन्दिर हर जगह पर नवीनीकरण किया जा रहा है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत ग्वाला में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण मंडल अध्यक्ष पदाधिकारीगण ग्रामीणजन युवा साथी मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

# जुलूस निकालकर अक्षत चावल का घर-घर वितरण कर दिया आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

ग्राम घाटपलासी में अयोध्या से आएं अक्षत चांवल का निमंत्रण कि शुरुआत डी जे के साथ शुरू हुआ। अयोध्या मन्दिर का शुभारंभ 22 जनवरी को होने पर पूरे गांव में घर-घर जाकर अयोध्या के अक्षत चांवल से निमंत्रण दिया जा रहा है। गांव के यूवाओ ने अपनी-अपनी बाईक में भगवा झंडा लगा कर डीजे के पीछे चल रहे थे।

डी जे पर श्री राम के उदघौष के साथ अयोध्या मन्दिर के भजनों कि थाप पर कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाल कर घर-घर कलश पूजन पंडित के द्वारा कराया जा रहा है। इसी के साथ चंदा किया जा रहा है जिससे मन्दिर पर 22 जनवरी को भंडारे का आयोजन होना है। इस जुलूस में पूर्व सरपंच रामसिंह दांगी, सरपंच उमाशंकर दांगी, जनपद सदस्य परमानंद मीणा, ओतार दांगी, राम अवतार चक्की वाले, गीता प्रसाद मीणा, रामराज मीणा, नर्मदा मीणा, प्रवेश दांगी, ओतार दांगी, जगदीश मीणा, भगवत सिंह दांगी, नैनाराम बजारा, मुकेश मीणा, शेषराम मीणा, हुकुम दांगी, संजय शर्मा, कमलेश शर्मा, श्रीकिशन मीणा, ओम मीणा, कमलेश दांगी, कृष्ण बाबू, रिरिक, रामनिवास मीणा, लखन दांगी, बन्टी, मोहित, मोहरसिंह, सुधीर, राम अवतार रूपसिह ठाकुर आदि सैकड़ों भक्त गण जुलूस में शामिल रहे। घर घर अक्षत चांवल वितरण का काम लगातार चलेगा। जबतक पूरे गांव के सनातनी हिन्दू के घर पूरे होने तक जारी रहेगा।

### शीत शिविर में शामिल स्वयंसेवकों ने किया प्रकट कार्यक्रम, विभिन्न शारिरिक विधाओं का हुआ प्रदर्शन

# संघ के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख बोले- सत्य राह पर चलने वाले ही हमेशा विजय होते हैं






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सत्य मार्ग पर चलने वाले की हमेशा विजय होती है। संघ का कार्य ईश्वरीय कार्य है। प्रतिदिन हम भगवा ध्वज के सामने यह प्रार्थना करते हैं कि हम धर्म के साथ संघ मार्ग पर चलते रहे। कई बाधाओं के बाद भी संघ निरंतर चल रहा है।

यह बात स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित आरएसएस के शीतकालीन शिविर के प्रकट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता क्षेत्र प्रचारक प्रमुख शिवराम समदरिया ने कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्र कार्य मे लगे कई स्वयंसेवक प्रतिदिन प्रार्थना में राष्ट्र का यह मंत्र बोलते है। यह मंत्र सिध्द हो रहा है। इसके बल पर ही संघ आगे बढ़ रहा है। तीन दिवसीय शारीरिक शीत शिविर स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में सम्पन्न हुआ। जहां सैकड़ों स्वयंसेवकों ने शारीरिक गतिविधियों का प्रशिक्षण लिया। इन सभी गतिविधियों का सामूहिक प्रकटीकरण स्वयंसेवकों ने किया। स्वयंसेवकों ने एक साथ गुणवत्तापूर्ण तरीके से समता, नियुद्ध, दंड एवं योग का प्रदर्शन किया। शिविर में कुल 245 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र कुमार दुबे ने की। कार्यक्रम में नगर संघ चालक राधेश्याम शर्मा सहित कई स्वयंसेवक शामिल हुए।

#### हम विजय की ओर बढ़ते जा रहे

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निर्माण के बाद कई संकट सामने आए। स्वयंसेवक को जेल में डाला गया। लेकिन हम राष्ट्र कार्य से डिगे नहीं। तब से लेकर अब तक यह संगठन निरन्तर विजय की ओर बढ़ता जा रहा है। 1925 से लेकर आज तक कई प्रतिबंध एवं संकट आये। शाखा लगाने वालों को जेल में डाला गया। लेकिन संघ निरंतर बढ़ता जा रहा है। कई मायावी आये संघ के सामने लेकिन संघ ने उनका समान भी किया समाज को समरस करते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म के पथ पर चलने वालों के सामने विचलित करने वाली कई बाधाएं आती है। लेकिन हम संघ मार्ग से विचलित नहीं होते।*

#### प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक न्याय मिलना चाहिए

*उन्होंने कहा कि भगवान ने प्रत्येक मनुष्य को बनाया है इसलिए उसके साथ सामाजिक न्याय होना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य को जीवन जीने के लिए मूलभूत सुविधा मिलनी चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ एवं रोटी, कपड़ा, मकान सबको मिलना चाहिए। संघ प्रतिदिन इसकी कामना करता है। शिक्षा व्यवस्था, राजनैतिक, सामाजिक व्यवस्था हिन्दू चिंतन के आधार पर होना चाहिए। मानवता की रक्षा करने के लिए भारतवर्ष की भूमिका ईश्वर में प्रदान की है। आज भारत ही विश्व के रंगमंच पर ऐसी भूमिका निभाकर युद्ध को रोक सकता है। उन्होंने कहा संघ का स्वरूप बड़ा व्यापक है। इसलिए देश के हर नागरिक को संघ को समझना चाहिए। संघ की तरह ही निष्ठा एवं सामूहिकता के गुण समाज मे आएंगे तो भारत पुनः वैभवशाली होगा।*

#### विभिन्न गतिविधियों से जुड़ रही सज्जन शक्ति

*मुख्य वक्ता ने कहा कि संघ स्वयंसेवकों के गुणों का विकास करने के साथ सबको साथ लेकर चलने के मंत्र के साथ चल रहा है। संघ की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज की सज्जन शक्ति साथ जुड़ रही है जो आने वाले समय मे सामाजिक परिवर्तन लाएगी। संघ की गतिविधियां कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, ग्राम विकास जैसी गतिविधियां समाज मे परिवर्तन लाने का कार्य कर रही है।*

### राजगढ़ के मेन मार्केट की सड़क का मामला

## वर्कआर्डर के 5 माह बाद भी ठेकेदार ने चालू नहीं किया निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ नगर के मेन मार्केट में रानी लक्ष्मी चौराहे से बिरसा मुंडा चौराहे तक की सड़क पर डामरीकरण के साथ ही चौड़ीकरण कार्य होना है। करीब 39 लाख रुपए से होने वाले इस कार्य के संबंध में नगर पालिका ने ठेकेदार को पांच महीने पहले वर्कआर्डर जारी कर दिया था। वर्कआर्डर जारी किए लंबा समय बीत जाने के बाद भी ठेकेदार ने उक्त काम शुरू नहीं किया है।

सड़क न बन पाने के कारण नगर के सैंकड़ों वाहन चालकों समेत आम नागरिकों को खस्ताहाल सड़क के कारण खासी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। इस सड़क पर अनेकों जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिनके कारण दोपहिया वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि, यह राजगढ़ नगर का मुख्य मार्ग है, ऐसे में हजारों लोग सड़क की बदहाली के चलते परेषान हैं और नगर पालिका से उम्मीद कर रहे हैं कि सड़क निर्माण कार्य जल्द चालू हो पाएगा।

#### इसी मार्ग का चौड़ीकरण भी होना है

रानी लक्ष्मी चौराहे से बिरसा मुंडा चौराहे तक करीब 400 मीटर के हिस्से में वर्तमान सड़क की चौड़ाई भी बढ़ाई जानी है। कहीं पर सड़क को 2 मीटर एवं कहीं पर एक मीटर चौड़ा किया जाना है। सड़क निर्माण के लिए पिछले दिनों मार्किंग भी कर ली गई थी पर काम शुरू नहीं हो पा रहा है।

#### काम चालू कराते हैं

निर्माण एजेंसी को बोलकर जल्द काम चालू करवाते हैं। इसके पहले एजेंसी ने जो अन्य सड़कें बनाई हैं वे काफी अच्छी गुणवत्ता की हैं।

**- राजेंद्र यादव,** सहायक यंत्री, नगर पालिका, राजगढ़

## पीएमश्री स्कूल के बच्चों ने जानी पॉलिटेक्निक कॉलेज की गतिविधियां

### शैक्षणिक भ्रमण पर सुठालिया से राजगढ़ आए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पीएमश्री बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया के बच्चों को पॉलिटेक्निक कॉलेज राजगढ़ के शैक्षणिक भ्रमण पर लाया गया। इन विद्यार्थियों में कक्षा छठवीं से लेकर 12वीं तक के बच्चे शामिल थे। इस दौरान विद्यार्थियों का कॉलेज में प्रवेष लेने की प्रक्रिया, कॉलेज में संचालित टेडों की संपूर्ण जानकारी, प्रयोगशाला के उपकरणों का संचालन, लायब्रेरी इत्यादि के संबंध में अवगत कराया।

स्कूल में पढ़ते हुए कॉलेज की प्रक्रियाओं को जानकर विद्यार्थी काफी रोमांच में नजर आए। इस दौरान प्रिंसिपल राजू जैतवार, सिविल इंजीनियर व्याख्याता रजत कुलश्रैष्ठ, आकाष अग्रवाल, मुकेष द्धवेदी, श्री चंद्रभानू सहित अन्य स्टाफ द्वारा बच्चों को कॉलेज की विविध गतिविधियों से अवगत कराया गया। बच्चों को



बताया गया कि कक्षा 12वीं के बाद वे किन-किन फील्ड में जाकर अपना कैरियर बना सकते हैं। इस दौरान पीएमश्री स्कूल से मार्गदर्षक मुकेश शर्मा, अशोक शर्मा, श्याम मीना, एचपी नामदेव, राजबहादुर सिंह, राधेष्याम मीना, हेमंत शर्मा, चेतन शर्मा, मनोज सक्सेना, रामबाबू मोंगिया, राजेंद्र सिलावट, चंकी शिवहरे, भरत गोयल सहित अन्य स्टाफजन उपस्थित रहे।

### पुष्पमाला शॉल श्रीफल इत्यादि से विधायक को सम्मानित किया

**नरसिंहगढ़।** रविवार को भाजपा के वरिष्ठ विधायक मोहन शर्मा करीब सुबह के समय कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंचे जहा उनका स्वागत बड़ी संख्या में एकजुट होकर व्यापारी हम्माल तुलावटी संघ द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ उनका स्वागत किया। वहीं इस बीच इस शुभ अवसर पर पुष्पमाला साफा , शाल श्रीफल इत्यादि से सम्मानित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सहित आमजन सम्मिलित हुए।

#### प्रारंभ हुई राम कथा

**हैदरगढ़।** मिडोईया मंदिर के प्रांगण में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। कथा 12 जनवरी तक दोपहर 12 से 4 बजे तक होगी। शनिवार को कथा के लिए कलश यात्रा निकाली गई।

### भाजयुमो की जिला बैठक ब्यावरा में हुई आयोजित

## नए युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए मैदान में उतरेगी भाजपा युवा मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की जिला बैठक रविवार को ब्यावरा के वल्लभा गार्डन में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर व पार्टी के जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा विषेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मोर्चे की आगामी गतिविधियों पर विचार के साथ ही भाजपा से नए युवाओं को जोड़ने पर मंथन किया गया।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों, गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्ष करते हुए उनके संयोजकों के साथ ही प्रभारी नियुक्त किए गए। आगामी दिनों में नव मतदाता



सम्मेलन, विकसित भारत एम्बसेडर नमो एप के साथ ही मंडल सशक्तिकरण अभियान व विस्तारकों की नियुक्ति करेगा। इस पर व्यापक रूप से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सांसद नागर ने युवा टीम को संबोधित करते हुए कहा कि आप भारतीय जनता पार्टी की रीड की हड्डी हैं। सभी की लगन, मेहनत ने विधानसभा चुनावों में पांचों सीटों पर पार्टी प्रत्याशी जीते हैं। आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पहले से अच्छी मेहनत व प्रयास की अपेक्षा युवा मोर्चा पदाधिकारी एवं सदस्यों से की गई।

#### बैठक में ये पदाधिकारी सदस्य रहे मौजूद

इस अवसर पर युमो प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी रंजीत सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलबर यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष जयंत राव गरुड, युमो जिला प्रभारी जगदीश पंवार, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, दिनेश भार्गव, युमो जिलाध्यक्ष केपी पंवार, चंदन अग्रवाल, पदम लोधी, रामनारायण दांगी, सुनील नागर, श्रवण पाटीदार, उत्कृष्ट शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## नरसिंहगढ़ में अक्षत वितरण अभियान प्रारंभ

### कार्यकर्ताओं का मंगल तिलक कर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

रविवार को नरसिंहगढ़ के छतरी चौराहे से अभियान प्रारंभ हुआ जो नगर के मुख्य बाजार से होते हुए प्रमुख चौराहों से होते हुए समाज जानो को अक्षत एवं पत्रक वितरित कर आमंत्रित किया तथा समाज से निवेदन किया 22 तारिक को सभी भव्य दीपोउत्सव मनाएं। चौक चौराहों पर सजावट करे रंगोली एवं दीप जलाए समाज ने भी अपने घरों पर न्यास के कार्यकर्ताओं का मंगल तिलक कर जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अभियान में प्रमुख रूप से नगर के सभी संत महंत आचार्य सहित संघ विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी



सहित सभी धार्मिक संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित उपथित रहे। न्यास के पदाधिकारियों ने बताया की प्रखंड नरसिंहगढ़ सहित सभी खंड एवं ग्रामीण इकाइयों में अभियान तेज गति से चल रहा है। ग्रामीण में भी समाजजानो दूसरा मंगल तिलक कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जा रहा है। प्रखंड नरसिंहगढ़ में अभी 15 हाजरा से अभिक परिवारों को पीले चावल के माध्यम से आमंत्रित किया जा चुका है।

### ठंड से निजात पाने के लिए गर्म कपड़ों के साथ-साथ अलावा का ले रहे सहारा



**जीरापुर।** 2024 के पहले दिन 1 जनवरी से ही ठंड ने अपना कहर शुरू कर दिया। शुक्रवार को भी सुबह से शाम तक का मौसम बिल्कुल ठंडा रहा। बीच बीच में भगवान सूर्य ने दर्शन तो दिए लेकिन शाम होते होते लगभग वहीं स्थिति हो गई। कई दिनों से कोहरा ऐसा छाया हुआ लग रहा था मानो की आसमान के बादल ने धरती पर ही बसेरा कर लिया हो। कड़कड़ाती हुई ठंड से बचने के लिए लोग कई जतन करते दिखाई दे रहे हैं। गर्म कपड़ों के साथ-साथ लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। वहीं असहाय गाये भी ठंड से बहुत परेशान हो रहे हैं। इसी बात का ध्यान रखते हुए नगर के कई स्थानों पर जनसेवको द्वारा गायो के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है। जिससे इन मुखबधिर पशुओं को भी कड़कड़ाती हुई ठंड से राहत मिल रही है। असहाय गायों के लिए निम्न स्थानों पर अलाव लगाया जा रहा है। जिसमें शिव मंदिर रामलीला चौक, किशनगढ़ मंदिर, बस स्टैंड आवास कॉलोनी माचलपुर नाके जैसे स्थानों पर अलाव लगाकर ठंड से बचने का प्रयास किया जा रहा है।

## अक्षत कलश यात्रा सनातन के संदेश को जागरुकता का बल प्रदाय कर रही : नागर

**छापीहेड़ा।** शुक्रवार के दिन दोपहर 4 बजे जो सनातन की समृध्दता की झलक पूरे ग्राम वासीयो में देखने को मिली । उससे धर्म की एक अलौकिक किरण जागृत हुई। अयोध्या की पावन भूमि पर भव्य मंदिर मैं विराजमान होंगे। भगवान प्रभुश्री राम इस अक्षत कलश यात्रा से सरोकार हुए सिकंदरी के ग्रामवासी महिला सरपंच सुषमा नागर ने कहा सैकड़ो वर्षों बाद इस 22 जनवरी को हमारे भगवान प्रभु श्रीराम समुचित परिवार के साथ एक अलौकिक रूप में विराजमान होने जा रहे।

प्राण प्रतिष्ठा के साथ भव्य मंदिर मैं विराजमान होंगे वह दृश्य हमारे पूर्वज नहीं देख सके वह दृश्य हम सब और हमारी संतानों को देखने का सार्थक सौभाग्य अब मिलने जा रहा है यह सब भाजपा की मोदी सरकार में इस दृश्य को देखकर सभी राम भक्त गौरांवित होंगे प्रभु श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है उन्होंने पुरुष रूप में जन्म लेकर जो व्यवहार समाज में स्थापित किए वह निश्चित रूप से पुरुषों में उत्तम व्यवहार उदाहरण बने हैं। श्रीराम श्री हरि विष्णु के अवतार थे पृथ्वी पर



सत्य की स्थापना करने संत ऋषि-मुनियों को अभय दान देने के उद्देश्य से आए थे पुरुष के रूप में जन्म लेकर एक साधारण मनुष्य का मान बढ़ाया अपने जीवन में उनके बताए हुए मार्गो को आत्मसात करेंगे। ग्राम सिकंदरी में अक्षत यात्रा बड़े हर्ष उल्लास के साथ निकाली, जिसमें छापीहेड़ा भाजपा मंडल महामंत्री रामबाबू नागर राधेश्याम सरपंच दिनेश चंद विष्णु प्रसाद नागर पवन नागर राजेश नागर कपिल नगर विष्णु नागर बद्रीलाल जी पंडा जगदीश नागर भैरू नागर आदि समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### राजधानी दिल्ली की गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगे अधीश



**राजगढ़।** विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की एनसीसी टीम के अधीश पिता गिरीश शर्मा, राजगढ़ गणतंत्र दिवस पर राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाली परेड में शामिल होंगे। मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 119 केडेट्स 1 जनवरी से 29 जनवरी तक दिल्ली कैंट में गैरीसन परेड में शामिल हुए हैं जिनमें अधीश भी शामिल है। भारत के सभी राज्यों से इस परेड में कुल 2070 केडेट्स सम्मिलित हो रहे हैं।

### जिले की धार्मिक-सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहता है अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट परिवार

# ‘सेवा, समर्पण और विश्वास का संगम है मंदिर ट्रस्ट’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट सेवा, समर्पण और विश्वास का एक ऐसा संगम है। जहां आमजन मन से विश्वास करता है। यही कारण है कि मंदिर ट्रस्ट की विश्वसनीयता समाज में लगातार बड़ी है। यहां सम्मान प्राप्त करना, स्वागत होने का शौभाग्य मिलना भगवान श्री अंजनीलाल की असीम अनुकंपा से ही संभव है।

इस प्रकार के विचार प्रदेश शासन के नव नियुक्त राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार सहित अन्य नव निर्वाचित विधायकों ने मंदिर धाम पर आयोजित विधायकों के स्वागत, सम्मान कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम में नरसिंहगढ़ विधायक श्री मोहन शर्मा, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह अतिथि के रूप में मौजूद थे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्री अंजनीलाल की हम सभी पर असीम कृपा है. राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने कहा कि अपनी कोई भी समस्या हो अथवा चुनाव का समय हो, हम सब कुछ अंजनीलाल के भरोसे छोड़कर अपना काम करते है। हम पर भगवान की ऐसी कृपा है कि वे हर काम सफल करते है। उनकी जीत का अथवा मंत्री पद मिलने का भी आधार भगवान श्री अंजनीलाल ही है. इसी प्रकार के विचार नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव ने व्यक्त किये। उनका कहना था कि हम जब किसी भी समस्याओं में अपने को






**मंदिर ट्रस्ट परिवार ने राज्यमंत्री पंवार सहित सभी विधायकों का किया स्वागत**
**अतिथियों ने कहा अंजनीलाल के धाम पर स्वागत होना ईश्वर की कृपा से कम नहीं**

उलझे हुए पाते है तो बजरंगबलि ही हमें रास्ता दिखाते है. हम पर बाबा की ही कृपा है। अतिथियों ने श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा आयाजित कार्यक्रम को अद्भुत बताते हुए संस्था के सामाजिक, धार्मिक योगदान की प्रशंसा करते हुए इसे जिले की सबसे विश्वसनीय ट्रस्ट और जिले का एक बेहतर तीर्थस्थल के रूप में बताया. कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष श्री राधाकृष्ण बड़ोने, भाजपा नेता रामनारायण दांगी, मानसिंह टोका, अमित शर्मा, ज्ञानस्वरूप मूंदड़ा, लक्ष्मीनारायण यादव, डा केसी मिश्रा, संपत मोदानी, मेडिकल ऑफिसर डा राकेश गुप्ता, नेत्र विशेषज्ञ डा ए के गुप्ता, सभी पार्षद गण, नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण, जनप्रतिनिधि, व्यापारी, प्रबुद्धजन मौजूद थे।

#### मंदिर ट्रस्ट परिवार ने किया आत्मीय स्वागत

जिले के नवनिर्वाचित विधायकों, राज्यमंत्री का मंदिर ट्रस्ट परिवार ने आत्मीय स्वागत किया। सभी अतिथियों को भगवान श्री अंजनीलाल की आकर्षक तस्वीर भेंट करते हुए शालश्रीफल से सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री पंवार को एक गदा भेंट की गई। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट परिवार के सभी सदस्यगणों सर्वश्री अविनाश खरे, कैलाश गुप्ता टाटा, मुरारी अग्रवाल चाचा, जुगल किशोर गुप्ता टाटा, सुरेश अग्रवाल , हरिओम जुलानिया, दिनेश मंगल, विष्णु अग्रवाल मुन्ना, गोविन्द बड़ोने, किशन साहू, मोहन गुप्ता अमृत, श्रीसोनी, चन्द्रशेखर जजावरा, इंजी. गिरराज कसेरा, मधु मूंदड़ा सहित सभी युवा और वरिष्ठ सदस्यों ने सभी का स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन प्रो प्रमोद खरे, विनोद नागर ने किया तथा आभार पूर्व अध्यक्ष अविनाश खरे ने माना।

#### राज्यमंत्री गौतम टेटवाल भी मंदिर धाम पहुंचे

जिले के सारंगपुर से विधायक और प्रदेश शासन के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल भी शनिवार को श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पहुंचे। टेटवाल को भी सायंकाल स्वागत, सम्मान के कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन उनका ग्वालियर प्रवास होने के कारण वे कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व ही मंदिर धाम पधारे। टेटवाल ने सभी मंदिरों पर दर्शन उपरांत मंदिर धाम को ब्यावरा ही नहीं जिले के लिये अद्भुत धार्मिक, रमणीय और अनूठा बताया। इसके बाद मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा उनका स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।